कुमकुम धर
अकादेमी पुरस्कारः कथक

KUMKUM DHAR
Akademi Award: Kathak

नागपुर में 4 फरवरी 1956 को जन्मी, श्रीमती कुमकुम धर कथक के लखनऊ घराने की उत्कृष्ट नृत्यांगनाओं में से एक हैं। आपने लखनऊ घराने के गुरु लच्छू महाराज से कथक का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। श्रीमती कुमकुम धर कथक की 'तांडव' और 'लास्य' दोनों विधाओं में उत्कृष्ट हैं। चूँकि आप लम्बे समय तक रंगकर्म से जुड़ी रही हैं, अतः 'भाव' और 'अभिनय' पर आपकी पकड़ स्वाभाविक है, जो शानदार फुटवर्क, निर्दोष प्रस्तुति और प्रदर्शन–वैविध्य के साथ मिलकर एक ऐसे वातावरण का निर्माण करते हैं कि दर्शक एक अलग ही भावभूमि पर पहुँच जाता है। आप भातखंडे संगीत संस्थान, लखनऊ में नृत्य संकाय की डीन रह चुकी हैं।

श्रीमती कुमकुम धर ने कई एकल नृत्य प्रस्तुतियाँ दी है और भारत के साथ–साथ अमेरिका, इंग्लैंड, मिस्र, कुवैत, मैक्सिको, ग्वाटेमाला, बांग्लादेश जैसे देशों में कई नृत्यनाटकों की प्रस्तुतियाँ भी की है। आपने गुरु–शिष्य परम्परा के तहत 300 से अधिक शिष्यों को नृत्य की शिक्षा दी है। आप दूरदर्शन की शीर्ष श्रेणी की कलाकार हैं, और आईसीसीआर द्वारा आपको 'उत्कृष्ट कलाकार' के रूप में पैनलबद्ध किया गया है। आपने कई समूहगान और नृत्य नाटकों का निर्माण, कोरियोग्राफी और निर्देशन भी किया है।

आपको कई उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1994) और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिया गया यश भारती सम्मान (2015) प्रमुख हैं।

श्रीमती कुमकुम धर को कथक नृत्य में योगदान के लिए वर्ष 2020 के संगीत नाटक अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

Born on 4 February 1956 at Nagpur, Shrimati Kumkum Dhar is one of the finest exponents of the Lucknow School of Kathak who trained under the Kathak maestro Lachhu Maharaj of the Lucknow gharana. Shrimati Kumkum Dhar excels in both 'Tandava' and 'Lasya' modes of Kathak. Having had a long stint in theatre, 'Bhava' and 'Abhinaya' are her natural forte, which combined with superb footwork, flawless rendition and the verve and variety of her performance, allow the viewers to transcend to a new level of experience. She was the Dean, Faculty of Dance at Bhatkhande Music Institute, Lucknow.

Shrimati Kumkum Dhar has given numerous solo dance recitals and presented many ballets in India and abroad, namely U.S.A, U.K., Egypt, Kuwait, Mexico, Guatemala, Bangladesh, etc. She has trained more than 300 disciples under the Guru-Shishya Parampara. She is a Top-grade artist of Doordarshan, and an 'Outstanding Artist' of ICCR, New Delhi. She has also created, choreographed and directed many group recitals and dance dramas.

She has many awards to her credit, chief among them being the Uttar Pradesh Sangeet Natak Akademi Award (1994), and the Yash Bharti Samman conferred by the Uttar Pradesh Government (2015).

Shrimati Kumkum Dhar receives the Sangeet Natak Akademi Award for the year 2020 for her contribution to Kathak dance.